दिनांक : 03.12.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा-व्यावसायिक शिक्षा के साथ कौशल विकास और कृषि शिक्षा भी प्राथमिकता में रहे।
- राज्य विधानसभा में 13 हजार करोड़ से अधिक का अनुपूरक अनुमान पेश, चर्चा कल।
- प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के लिए 500 करोड़ की राशि की जाएगी खर्च।
- तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे क्रिकेट मैच में आज भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से रायपुर में होगा।

मुख्यमंत्री-समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नई शिक्षा नीति में व्यवसायिक शिक्षा देने की दिशा में प्रयास बढ़ाए जाएं। कल विधानसभा समिति कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। प्रदेष में विगत 2 वर्षों में ड्रॉप आउट रेट 21.4 प्रतिशत से घटकर मात्र 16.8 प्रतिशत रह गया है। इसे और भी कम करने की दिशा में कार्य किया जाए। प्रोत्साहन योजनाओं का अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ दिलवाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि अच्छे परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को भी प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देष दिए कि किताबों का वितरण प्रत्येक स्तर तक सुनिश्चित किया जाए और साइकिल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिये भी योजना बनाई जाये। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय की तर्ज़ पर सांदीपनि आश्रम विद्यालय बनायें जायें और विद्यालयों में कृषि की शिक्षा भी दी जाये। मुख्यमंत्री ने कल पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभाग की भी समीक्षा की।

बजट अनुमान-उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा ने कल राज्य विधानसभा में प्रदेष का द्वितीय अनुपूरक अनुमान पेश किया। वर्ष 2025-26 के लिए 13,476.94 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। पीएम आवास योजना के लिए सबसे ज्यादा चार हजार करोड़ रुपए का बजट अनुमान है। बजट पर चर्चा 4 दिसंबर को सदन में होगी। सदन में पेष किए गए बजट अनुमान में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के लिए 2 हजार करोड, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत मुख्यमंत्री लाडली योजना में 1,794 करोड़, और पंचायत विभाग में 15वें वित्त आयोग के लिए स्थानीय निकायों को 1,633 करोड़ रूपए का अनुदान अनुमान रखा गया है।

संसद चर्चा

संसद में सरकार और विपक्ष के बीच दो दिन से चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। दोनों पक्ष राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए सहमत हो गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की अध्यक्षता में हुई व्यवसाय सलाहकार समिति की बैठक में 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से वंदे मातरम् पर विशेष चर्चा कराने की सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस चर्चा की शुरुआत करने की संभावना हैं।

बैठक में 9 और 10 दिसंबर को लोकसभा में चुनावी सुधारों पर 10 घंटे की चर्चा आयोजित कराने का भी फैसला लिया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि संसदीय लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी दल चर्चा के लिए सहमत हो गये हैं।

नगरपालिका संशोधन विधेयक

कल राज्य विधानसभा में नगरपालिका संशोधन विधेयक-2025 चर्चा के बाद पारित कर दिया गया है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रस्तुत विधेयक को पारित करने के पूर्व अपने वक्तव्य में कहा कि यह विधेयक प्रजातंत्र की मजबूती के लिये लाया गया है। नगरीय निकाय लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है।

गैस त्रासदी

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ कुवंर विजय शाह की मौजूदगी में गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर आज ‘सर्वधर्म प्रार्थना सभा’ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बरकतउल्ला भवन परिसर में सुबह 10.30 बजे होगा। कार्यक्रम में विभिन्न धर्माचार्यों द्वारा दिवंगतों के आत्मा की शांति के लिए पाठ भी किया जायेगा साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को सामूहिक श्रद्धांजलि दी जाएगी।

एसआईआर कार्य - प्रदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने कल निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर बढ़ाई गई समय सीमा और प्रगति के बारे में जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा बताई हुई समस्याओं के त्वरित समाधान और सुझावों के क्रियान्वयन से ही प्रदेश में एसआईआर का कार्य लगभग पूरा होने को है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 5 करोड़ 46 लाख से अधिक गणना पत्रकों का डिजीटाइजेशन किया जा चुका है।

एसआईआरः कलेक्टर

बालाघाट जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। बीएलओ की टीम शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के लिए तेजी से काम कर रही है। इस बारे में बालाघाट जिले के कलेक्टर मृणाल मीना ने बताया।

केबिनेट बैठक-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचनात्मक निर्माण योजना को वर्ष 2026-27 तक निरंतर रखते हुए अतिरिक्त 500 करोड़ रुपये की राषि की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरनात्मक निर्माण योजना अन्तर्गत प्रदेश में 1,070 करोड़ रुपये की 1062 परियोजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें 325 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और 407 परियोजनाएं प्रगतिरत हैं।

कर्टन राइजर समारोह

मौसम केंद्र भोपाल में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव आईआईएसई 2025 के कर्टन राइजर समारोह का आयोजन किया गया। भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव आईआईएसएफ 2025 के इस कर्टेन राइजर कार्यक्रम 6 से 9 दिसंबर तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित होने जा रहा है। विकसित भारत का मिशन केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक सोच वाला समाज विकसित करना उद्देश्य है जहां निर्णय तत्वों पर आधारित हो युवा शोध को करियर के रूप में अपने और विज्ञान समाज की समस्याओं का समाधान बने।

ओलम्पियाड आयोजन

प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। ओलम्पियाड परीक्षा में कोई भी विद्यार्थी दोनों ही परीक्षा में भाग ले सकता है। विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर के पूर्व घोषित कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी संभाग स्तरीय ओलम्पियाड 21 दिसम्बर को भाग ले सकेंगे।

क्रिकेट - भारत दक्षिण अफ्रीका

तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में आज भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में यह मैच दोपहर डेढ बजे से खेला जाएगा। भारत, श्रृंखला में एक-शून्यम से आगे है। रांची में खेले गये पिछले मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया था।

हॉकी विश्व कप

भारत ने स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। तमिलनाडु के मदुरै अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत के मनमीत और शारदा नंद तिवारी ने 2-2 और अर्शदीप सिंह ने एक गोल किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल के 287 स्कूल और आसपास के 31 गांवों में तंबाकू का उपयोग खत्म हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इन्हें मुक्त घोषित किया है। अभियान के तहत भोपाल के 400 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त किए जाने का लक्ष्य दिया गया है।

- खंडवा जिले में ठंड के तेवर लगातार महसूस किए जा रहे हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडवा में 1 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
- आगरमालवा में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज निःशक्त व्यक्तियों की प्रतिभा एवं सामर्थ्य प्रदर्शन हेतु खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त आयोजन नवीन सामुदायिक भवन, कम्पनी गार्डन में किया जाएगा।

-------